Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

ट्रेनें, बसें बंद, बॉर्डर सील लोगों में अफरा–तफरी

लॉकडाउन

लॉकडाउन के बावजूद सड़को पर उतरे लोग, पुलिस भी सतर्क

संवाददाता

देहरादून। कोरोना वायरस के प्रकोप को देखते हुए देश के कई शहरों में लॉकडाउन घोषित किया गया है। उत्तराखण्ड़, दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, चंडीगढ़, आंध्र प्रदेश, झारखंड समेत कई प्रदेशों में पूरी तरह लॉकडाउन है। इसे देखते हुए कई जगह प्राइवेट टैक्सियों ने भी अपने सेवाएं बंद कर दी हैं। इसके बाद जरूरी काम के लिए लोगों को कहीं जाने में दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं। वहीं लॉकडाउन से लोगों में अफरा–तफरी का दौर है। कहीं राशन की दुकानों के बाहर भीड़ नजर आ रही है तो कहीं एलपीजी सिलेंडर भरवाने के लिए लोग लाइन लगाए हुए हैं। लॉकडआउन के बीच कई ऐसी तस्वीर भी सामने आ रही हैं जहां लोग अपील को ताक पर रखते हुए भीड़ लगाए हुए हैं।

न्यूज डायरी

लॉकडाउन में भी सड़कों पर लोगों का आवागन, पुलिस ने घर भेजा

संवाददाता देहरादून। विश्वभर में फैले कोरोना वायरस के बचाव के चलते आज लॉकडाउन के दूसरे दिन सड़कों पर लोगों का आवागमन रहा और यहां तक की पुलिस ने कई लोगों को वापस भी भेजा। आज शहर के ह्रदय स्थल घंटाघर पर वाहनों का आवागमन बराबर चलता रहा। लॉकडाउन होने के बाद भी इस प्रकार से वाहनों का आवागमन होता रहा। यहां तक की तैनात पुलिस कर्मचारी जो वाहनों से आवागमन कर रहे थे उनसे पूछताछ करने में लगी हुई थी कि आखिर वह किस कारण से घरों से बाहर आये। राज्य सरकार ने उत्तराखंड को 31 मार्च तक लॉकडाउन कर दिया गया है। इस दौरान लोगों को आवश्यक वस्तुयें उपलब्ध कराई जायेंगी की भी जानकारी पुलिस कर्मचारी दे रहे थे।

अफवाह फैलाने पर आठ लोगों पर मुकदमा

संवाददाता रुद्रपुर। रुद्रपुर में ट्रांजिट कैंप में घरों के बाहर आग जलाने और रम्पुरा में लोगों के घरों के दरवाजे खटखटाकर कोरोना की अफवाह फैलाने वाले आठ लोगों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक रम्पुरा के रेशमबाड़ी में रविवार देर रात 12 बजे से सुबह तीन बजे तक कुछ युवक मोहल्ले में घर–घर जाकर दरवाजों पर लाठियां मार रहे थे। इस दौरान वह कह रहे थे कि जागते रहो, जागते रहो, कोरोना आया, जो सोया है वह सोया ही रह जाएगा। यह सुनकर लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर कोतवाल कैलाश चंद्र भट्ट, रम्पुरा चौकी प्रभारी केजी मठपाल पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और जानकारी ली। इस मामले में भी पुलिस ने कालू के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

आवश्यक सेवा वाली दुकानें खुली

संवाददाता कोटद्वार। लॉकडाउन के आदेश के बाद कोटद्वार में सोमवार सुबह आवश्यक सेवा वाली दुकाने खुली, जबकि अन्य दुकानों के शटर गिरे रहे हैं। जीएमओयू और रोडवेज की बसों का संचालन पूरी तरह बंद रहा, जबकि तड़के पर्वतीय क्षेत्रों के लिए इक्का–दुक्का टैक्सिया संचालित हुई। सड़कों पर सुबह के वक्त थ्री व्हीलर वाहन सवारियों को ढोते नजर आए। मैदानी व पर्वतीय क्षेत्रों से किसी तरह कोटद्वार तक पहुंच चुके यात्री अपने अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए वाहनों का इंतजार करते दिखे। लॉकडाउन के चलते भले ही अंतर राज्य सीमा को सील किया गया, लेकिन मैदानी क्षेत्रों से बाइक सवार यात्री लगातार कोटद्वार की ओर आते दिखे। सुबह के वक्त कौड़िया चेक पोस्ट को छोड़ पूरे क्षेत्र में कहीं पुलिस टीम नजर नहीं आई।

जनता को समझने के लिए पुलिस को करनी पड़ी कड़ी मशक्कत

अपील को ताक पर रखते हुए भीड़